## एक नजर में

### शारदा सांदीपनी स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार

**शुजालपुर।** शारदा सांदीपनी शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर का कक्षा 5वीं एवं 8वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 8वीं का परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत तथा कक्षा 5वीं का 93 प्रतिशत दर्ज किया गया, जिससे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 8वीं में 140 परीक्षार्थी शामिल हुएए,जिनमें से 129 विद्यार्थी सफल रहे। इनमें 89 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी एवं 40 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। इस कक्षा में भूमिका चौहान ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं तानी राजपूत ने 89 प्रतिशत, मेहक जैन ने 88 प्रतिशत, उमा सेन व राधिका सुर्वंशी ने 87 ।87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी प्रकार कक्षा 5वीं में 109 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 101 विद्यार्थी सफल रहे। 52 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी एवं 49 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। कक्षा 5वीं में जयंशी गौरवानी ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं परी बडोदिया ने 82 प्रतिशत, रश्मि जाटव ने 81 प्रतिशत तथा आयुष मालवीय एवं तनु मेवाड़ा ने 80 ।80 प्रतिशत अंक अर्जित किए। विद्यालय के इस उत्कृष्ट परिणाम पर प्राचार्य डॉ। राजेश त्रिवेदी, उप प्राचार्य मुकेश नेमा, माध्यमिक विभाग प्रभारी पीएस। राठौर एवं प्राथमिक विभाग प्रभारी भानुप्रताप चौहान सहित समस्त शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### शुजालपुर में पुलिसकर्मियों के लिए नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर, 75 का किया गया परीक्षण



**शुजालपुर।** मंडी स्थित सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र पर सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय शाखा द्वारा पुलिस विभाग एवं उनके परिवारजनों के लिए निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ संत हिरदाराम साहिब के चित्र पर माल्यार्पण कर एसडीओपी निमेष देशमुख ने किया। इस अवसर पर 38 वर्ष तक पुलिस विभाग में सेवाएं देने के बाद सब इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत्त नादासुरा निवासी कैलाश परमार का सेवा सदन परिवार द्वारा शाल, श्रीफल एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। शिविर में 75 पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारजनों की आंखों की जांच की गई। साथ ही शुगर और बीपी की जांच भी डॉक्टर जसवंत यादव एवं नेहा सोनी द्वारा की गई। जांच के दौरान 15 मरीजों को चश्मा लगाने की सलाह दी गई, जबकि कुछ लोगों को आंखों में एलर्जी से बचाव हेतु सुबह शाम साफपानी से आंखें धोने और चश्मा उपयोग करने की सलाह दी गई। सेवा सदन के जिला प्रभारी खुशीराम आचार्य ने बताया कि मध्य प्रदेश में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय का एक बड़ा आधुनिक अस्पताल भोपाल के एयरपोर्ट रोड, गांधी नगर क्षेत्र में शुरू हो गया है, जहां विश्वस्तरीय नेत्र जांच एवं ऑपरेशन की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

### डॉ. परमार बने प्राइवेट हॉस्पिटल डायरेक्टर प्रेसिडेंट



**शुजालपुर।** यूनाइटेड प्राइवेट हॉस्पिटल डायरेक्टर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश द्वारा साईं कृपा अस्पताल के निदेशक डॉ.महेंद्र सिंह परमार को शाजापुर जिले का डायरेक्टर प्रेसिडेंट नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। 28 मार्च 2026 को जारी आदेश के अनुसार डॉ ।परमार को जिले में संगठन को मजबूत करने, निजी अस्पतालों के बीच समन्वय बढ़ाने तथा स्वास्थ्य संस्थानों के हितों के संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही उन्हें शीघ्र जिला स्तरीय टीम गठन के निर्देश भी दिए गए हैं। एसोसिएशन में अध्यक्ष डॉ ।विशाल सिंह बघेल,उपाध्यक्ष डॉ। धनंजय मिश्रा, महासचिव डॉ। पीयूष सक्सेना एवं कोषाध्यक्ष डॉ ।ज़ोहेब अहमद सहित कार्यकारिणी एवं सलाहकार मंडल सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। डॉ ।परमार की नियुक्ति को निजी स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उनके नेतृत्व में जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं समन्वय में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। डॉ. परमार को यह जिम्मेदारी मिलने पर डॉ ।सीवी मिश्रा, डॉ.केके रामसरिया,डॉ.अपूर्व शर्मा, डॉ.विकास सिंह, डॉ. मनोज, डॉ. वरुण बजाज, डॉ. स्मृति व्यास,डॉ. शुभेंद्र सिंह परमार, डॉ. नरेंद्र राजपूत, डॉ.जीवन मेवाड़ा, डॉ. पूजा शर्मा, धीरज शर्मा, धरम परमार,निर्मल परमार, सुधीर परमार, संदीप पाटीदार,अंकित सक्सेना, जितेंद्र मेवाड़ा, आनंद जोशी, राहुल दांगी, रोहित मेवाड़ा, चेतन राजपूत, संजय नागर, अभय सिसोदिया सहित अनेक लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### शराब के नशे में युवक हुआ हादसे का शिकार



**शाजापुर।** जिले के सुनेरा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शुक्रवार रात करीब 11 बजे नेशनल हाईवे 52 पर ग्राम अभयपुर स्थित महाकाल ढाबे के पास हुई, घायल युवक ने शराब का अत्यधिक सेवन किया था, जिसके कारण वह अपनी बाइक पर नियंत्रण खो बैठा और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद युवक करीब आधे घंटे तक सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा रहा, लेकिन उसे तत्काल कोई मदद नहीं मिल पाई। इसी दौरान वहां से गुजर रहे युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जयंत सिकरवार ने स्थिति को देखते हुए तुरंत डायल 112 पर काल कर सहायता मांगी।

**जल्दी गाड़ी भेजिए, युवक की जान जा सकती है**

जब काल करने के बावजूद डायल 112 वाहन समय पर घटनास्थल पर नहीं पहुंचा, इस देरी से नाराज होकर जयंत सिकरवार ने फोन पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा इंसान की जान जा सकती है और आप लोग बहाने बना रहे हैं, तुरंत गाड़ी भेजिए। कुछ देर बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए शाजापुर के जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल की पहचान लड़ावद निवासी विक्रम पिता बहादुर सिंह के रूप में हुई है, युवक का इलाज फिलहाल जारी है।

# युवक पर हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

## मुख्य आरोपी को घटनास्थल पर ले गई पुलिस, तलवार से किए गए हमले में हाथ पर लगी थी चोट

**शाजापुर। कट मारने की बात पर तीन बदमाशों ने एक युवक पर तलवार से हमला कर घायल कर दिया था। मामले में पुलिस ने तीनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस मुख्य आरोपी को घटनास्थल ले गई और वहां घटना का पूरा जायजा लिया।**

कोतवाली थाना प्रभारी संतोष वाघेला ने बताया कि यह घटना करीब तीन दिन पहले मनिहारवाड़ी इलाके में हुई थी। भोईवाड़ा निवासी राजेश केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपनी मां और भांजी के साथ मेला देखकर लौट रहा था। इसी दौरान आरोपी अमन पठान बाइक से आया और कट मारने की बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि अमन पठान ने गाली गलौज करते हुए तलवार से हमला किया। बचाव के प्रयास में राजेश की कलाई पर चोंट आई थी।

इसके बाद फईम पठान अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचा। जिसने लकड़ी और लात घूंसों से राजेश केवट के साथ मारपीट की, जिससे युवक के चेहरे और पेट पर भी चोटें आईं। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और बीच बचाव कर घायल राजेश को बचाया। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने इस मामले में त्वरित



कार्रवाई करते हुए फईम उर्फबाबू खा 21 को शुक्रवार को ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। शनिवार को अजहर उर्फभूरा 20 और अमन पठान 22 को भी गिरफ्तार कर लिया। इन्हें आज न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस ने मुख्य आरोपी का घटनास्थल पर पैदल भ्रमण भी कराया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी संतोष वाघेला, उप निरीक्षक नवीन बिलावलीया, सउनि विक्रम सिंह जाटवा, प्रधान आरक्षक राकेश किरार, आरक्षक संजय पटेल और आरक्षक हेमराज मालवीय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अनियंत्रित होकर पलटी बस, एक की मौत

### 15 यात्री घायल, मोहन बड़ोदिया के पास हुआ हादसा

**शाजापुर। जिले के मोहन बड़ोदिया से 15 किलोमीटर दूर शनिवार सुबह सड़क हादसा हो गया। इसमें एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। बस नलखेड़ा से भोपाल जा रही थी तभी टिकोन और माल्याहेड़ी के बीच एक युवक बचाने के चक्कर में यह हादसा हो गया।**

यह घटना सुबह करीब 7.30 बजे हुई, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस चालक ने सड़क पर पैदल चल रहे एक बुजुर्ग को बचाने के प्रयास में अचानक वाहन मोड़ा। इससे बस असंतुलित होकर पलट गई। जिसमें गोकुल 55 नामक बुजुर्ग की मौत हो गई जो भैंस चराने का काम करता था। इधर घटना की सूचना मिलते ही मोहन बड़ोदिया के डायल 112 के पायलट संतोष मालवीयए एएसआई सैय्यद मेहमूद अली और एएसआई लाखन सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। घटनास्थल आगर मालवा जिले के नलखेड़ा थाना क्षेत्र का होने से वहां की पुलिस टीम भी तत्काल मौके पर



पहुंची। जिन्होंने घायलों को 108 और 112 एंबुलेंस की मदद से आगर मालवा जिला अस्पताल और मोहन बड़ोदिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। मोहन बड़ोदिया सीएचसी में भंवरलाल, बलराम, रेखाबाई, लाड कुंवर बाई और बसंती बाई का इलाज चल रहा है। लगभग 18 अन्य घायलों का आगर मालवा जिले में इलाज जारी है। नलखेड़ा थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों की विस्तृत पड़ताल की जा रही है।

## तेज आंधी के साथ हल्की बारिश की चेतावनी

### कल से फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, 4 अप्रैल तक हल्की बारिश के बन रहे आसार

**शाजापुर। 38 डिग्री तापमान झेल रहे नगरवासियों को एक बार फिर तेज आंधी व बारिश का सामना करना होगा। क्योंकि कल से फिर मौसम बदलेगा और एक सप्ताह तक कहीं कहीं हल्की या तेज बारिश हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में यह बदलाव हो रहा है। जिसका असर शाजापुर सहित अन्य जिलों में भी रहेगा, जिससे मौसम में ठंडक घुलेगी और गर्मी से लोगों को राहत मिलेगी।**

फिलहाल सुबह से तेज धूप निकल रही है जिससे लोगों के पसीने छूट रहे हैं तो दिन में भी गर्मी के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसर रहा है। शनिवार को भी नगर का अधिकतम तापमान 37।6 व न्यूनतम तापमान 18 डिग्री दर्ज किया गया। इस दिन भी लोगों को गर्मी से परेशान होते देखा गया। लेकिन अब कल से एक सप्ताह तक मौसम पूरी तरह बदल जाएगा। इस दौरान तेज हवा भी चलेंगी और हल्की से मध्यम वर्षा संभावित है।

### आसमान पर छा रहे बादल...

शुक्रवार देर रात को भी ठंडी हवा ने नगर को अपना डेरा बना लिया था। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली थी। जिसके चलते लोग मौसम का आनंद लेने घरों से निकले। इस दौरान आसमान पर बादल भी छाए, जिससे लगा कि शायद बारिश होगी लेकिन कुछ देर बाद आसमान साफ हो गया। लेकिन रविवार से पश्चिमी विक्षोभ के कारण के चलते बारिश की संभावना बन रही है। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि इस रविवार से अगले रविवार तक नगर में हल्की या मध्यम बारिश होगी। हालांकि बारिश ज्यादा देर नहीं होगी, लेकिन तेज हवा जरूर चलेगी जिससे तापमान कम होगा।

## पूर्णाहुति के साथ पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का समापन

### मंदिर परिसर में किया कन्या भोज का आयोजन, बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लिया लाभ

**शाजापुर। नगर में चैत्रीय नवरात्र महोत्सव का समापन शुक्रवार को भक्तिभाव के साथ हुआ, जो स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ पर नों दिवसीय पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार एवं हवन की आहुति के साथ यज्ञ की पूर्णाहूति की गई।**

अन्य दिनों की अपेक्षा यज्ञ के अंतिम दिन के यज्ञ के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालू उपस्थित हुए और धर्म का लाभ लिया। गायत्री शक्तिपीठ प्रमुख ट्रस्टी ने बताया कि नो दिवसीय पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में गायत्री मंत्र, महाम्रतुंजय मंत्र से राष्ट्र के नव निर्माण, सुख, शांति, समृद्धि के लिए आहुतियां समर्पित की गई।

इसके पूर्व मंदिर में प्रतिदिन



विभिन्न संस्कार, मुंडन, अन्नप्राशन नामकरण, दीक्षा, विद्याआरंभ, जन्मदिवस, विवाह दिवस, पुंशवन आदि संस्कार नि:शुल्क कराए गए। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के समापन व श्रीराम नवमी के अवसर पर महायज्ञ की पूर्ण आहुति के साथ कन्याभोज का आयोजन किया गया।

## जया किशोरी पहुंचीं मां बगलामुखी



**नलखेड़ा। विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर में प्रसिद्ध कथा वाचक जया किशोरी शनिवार को उज्जैन सड़क मार्ग से होते हुए दोपहर एक बजे नलखेड़ा पहुंची ।जहां उन्होंने मां पीतांबरा मां बगलामुखी के स्वर्ण श्रृंगार दर्शन पूजन किया।**

पंडित अभिषेक शर्मा तथा अन्य पांच पंडितों के द्वारा विधि विधान से मंत्र उच्चारण के साथ हवन किया। जया किशोरी के द्वारा माता मंदिर के इतिहास के बारे में जानकारी ली वे मंदिर परिसर में वे लगभग दो घंटे तक रुके। प्रसिद्ध जया किशोरी की मंदिर परिसर में मालूम पड़ते ही लोगों की भीड़ हो गई, वहीं जया किशोरी के साथ कई लोगों ने फोटो व सेल्फी ली। जया किशोरी के पहुंचने पर पटवारी मुकेश चौहान व पुलिस प्रशासन मौजूद था।

## आंगनवाड़ी केंद्रों पर विद्यारंभ कार्यक्रम आयोजित

**शुजालपुर। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार नगर के वार्ड क्रमांक 14 की आंगनवाड़ी केंद्रों पर विद्यारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनवाड़ी में पंजीकृत 5 से 6 वर्ष के बच्चों को सहज रूप से प्राथमिक शालाओं में स्थानांतरित करना एवं प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को सुदृढ़ बनाना है।**

इस अवसर पर बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। आयोजन से अभिभावकों में आंगनवाड़ी के प्रति रुचि बढ़ेगी तथा वे अपने बच्चों को नियमित रूप से आंगनवाड़ी भेजने के लिए प्रेरित होंगे। कार्यक्रम में भारतीय मानव अधिकार उज्जैन संभाग की संरक्षक एवं समाजसेवी कृष्णा पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता पांचाल एवं अन्य स्टाफ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में अभिभावकों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की गई।

## बेकाबू ट्रक ने बैंक ऑफ इंडिया की कैश वैन को मारी टक्कर

### बिना चालक के सड़क पर दौड़ा शराब से भरा ट्रक, बड़ा हादसा टला

**शुजालपुर। शहर में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब शराब से भरा एक ट्रक बिना चालक के अचानक सड़क पर दौड़ पड़ा और लोहिया मार्ग स्थित बैंक ऑफ इंडिया के बाहर खड़ी कैश वैन से जा टकराया, टक्कर से कैश वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रोकडिया हनुमान मंदिर के समीप आबकारी विभाग के गोदाम में शराब खाली करने के लिए दो ट्रक सुबह डिस्टलरी से पहुंचे थे। एक ट्रक को गोदाम के गेट से अंदर करने के लिए



उसका ड्राइवर नीचे उतरा और दूसरे ट्रक में चढ़ गया। वह अपने ट्रक को न्यूट्रल गियर में ही छोड़कर चला गया था,जो अचानक अपने आप चल पड़ा और सड़क पर तेज गति से आगे बढ़ते हुए बैंक के बाहर खड़ी कैश वैन से टकरा गया। घटना के समय सुबह लगभग 7 बजे होने से आसपास लोगों की आवाजाही कम थी और गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कैश वैन क्षतिग्रस्त हो गई और एक पोल भी टूटकर गिर गया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, ट्रक में 1200 पेटी शराब लदी हुई थी, सूचना मिलने पर आबकारी विभाग, पुलिस और बैंक का अमला मौके पर पहुंच गया है। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल बन गया। लोगों ने प्रशासन से ऐसे मामलों में सख्ती बरतने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**एक नजर में** | **लाखों की नकदी और आभूषण ले उड़े बदमाश**

## चोर मचा रहे शोर : रेलवे कॉलोनी में दो सरकारी क्वार्टरों में चोरी

**शाजापुर। कोतवाली थाना क्षेत्र की रेलवे कालोनी में दो स्थानों पर बदमाशों चोरी की वारदात को अंजाम दिया, चोरों ने सूने सरकारी क्वार्टरों को निशाना बनाते हुए नगदी और आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। वारदात सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच की बताई जा रही है।**

पहली घटना रेलवे विभाग में सहायक कार्य अभियंता महेश कुमार चौधरी के क्वार्टर में हुई। हाल ही में प्रमोशन के बाद उनका तबादला सीधी हो गया है, वे बुधवार को काम



से बाहर गए थे और घर पर ताला लगा था। लौटने पर उन्होंने ताला टूटा हुआ और सामान बिखरा पाया। जांच में करीब 40 हजार रुपए नगद और 5 ग्राम सोने का पेंडल चोरी होना सामने आया। उनका परिवार पुणे में रहता है, दूसरी वारदात सीनियर सेक्शन इंजीनियर महेंद्र आर्य के क्वार्टर में हुई। उन्होंने बताया कि वे सुबह घर बंद कर विभागीय काम से बाहर गए थे, वापस लौटने पर ताला टूटा मिला, उनके घर से करीब 50 हजार रुपए नकद चोरी होने की बात सामने आई है।

### ताला लगा होने पर उठाया फायदा...

दोनों घटनाओं में चोरों ने सिर्फ नगदी और कीमती सामान ही उठाया, जबकि बाकी सामान को नहीं छुआ। खास बात यह रही कि घटना के समय दोनों ही मकान मालिक घर पर मौजूद नहीं थे और उनके घरों पर ताला लगा हुआ था। जिसका फायदा उठाते हुए बदमाशों ने वारदात की, हालांकि पुलिस के साथ फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम भी मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस साक्ष्य जुटा रही है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## नवरात्रि के अंतिम दिन हुई आकर्षक आतिशबाजी

**शाजापुर।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मां राजराजेश्वरी माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया और पूरी नवरात्रि में भक्तों ने शक्ति की भक्ति की। अंतिम दिन लाईव प्रसारण का जिम्मा संभालने वाले रोहित विश्वकर्मा की टीम द्वारा वो नजारा दिखाया गया जो नगरवासियों के लिए कभी न भूल पाने वाला लम्हा बन गया। शुक्रवार को एबी रोड स्थित मां राजराजेश्वरी माता मंदिर पर नवमी की आरती हुई, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। अंतिम दिन हुई महाआरती को विशेष व आकर्षक बनाने के लिए आकर्षक आतिशबाजी की गई। जिसे देखकर हर किसी ने इसकी सराहना की। इसी तर्ज पर इस बार माता के दरबार में आतिशबाजी की गई। यह नजारा देखने के लिए मंदिर में हजारों लोग पहुंचे।